हिमाचल प्रदेश विभागीय परीक्षा बोर्ड

परीक्षा सत्र–दिसम्बर, 2018

पेपर नं0 2 +५ हिन्दी (लिखित)

समय– 2 घण्टे अंक–60

नोटः–

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है। कुल प्रश्न–7
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक कोष्ठक में दिये गये हैं।

प्रश्न–1 Translate into Hindi a passage in Enlish.
(निम्न गद्यांश का हिन्दी अनुवाद कीजिए।)

The supervisory officers are directly responsible for the maintenance of discipline in the section, branches, cells or organizational units under their control. It is their duty to ensure that discipline is enforced in work and conduct. It is their responsibility to ensure attendance, grant leave, regulate the section's work, maintain secrecy and prevent un-authorised access. It is also their duty to ensure that officials under their control delinquently discharge their responsibilities in maintaining records and processing cases. Supervisory officers have to ensure that discipline is maintained so that the work does not suffer. This requires considerable fact so that the officials do not see the Supervisory officer merely as a punishing authority always ready to apply conduct rules or issue charge-sheets. At the same time the supervisory officer must shows sufficient firmness so that the officials under his control are well aware that there can be no compromise on efficiency. It may be necessary, therefore, for the supervisory officer to keep track of breaches of discipline and endeavor to correct them initially by friendly advice but if it is found that breaches of discipline frequently and willfully occur, the supervisory officer must be quite ready to make a formal complaint or start disciplinary proceedings or take other appropriate corrective action. Failure to do so will erode his authority, reduce efficiency of the section and leave the impression of weakness and dis-organisation.

(15 अंक)

प्रश्नः 2 निम्नलिखित गद्यॉश की व्याख्या सरल हिन्दी में करें।
(Rendering into simple Hindi a passage in Hindi)

राज भाषा हिंदी के कार्यान्यवन के लिये सरकार में हर मन्त्रालय, विभाव, उपक्रम, संस्थान में राजभाषा प्रबन्धक, निदेशक, अधिकरी, अनुवादक, आशुलिपिक, टंकक आदि की काफी बड़े पैमाने पर नियुक्ति तथा हिंदी सलाहाकार समीतियों का गठन किया है, परन्तु वास्तविक स्थिति यह है कि अधिकांश हिंदी अधिकारी और अनुवाद हिंदी के काम को बढ़ाते तो मालूम हो रहे हैं, परंतु साथ ही साथ वे स्थिति को उलझाते भी जा रहे है, क्योंकि हिन्दी का रूप अनुवाद का होता जा रहा है। इतने वर्षो बाद आज भी अधिकांश महत्वपूर्ण कार्य अंग्रेजी में ही हो रहे है ओर हिंदी में संवैधानिक आवश्यकता से विवश होकर अनुवादकों तथा हिंदी अधिकारियों से उनका अनुवाद करवाकर खानापूर्ति कर दी जाती है। नतीजा यह हो रहा हे कि एक ओर भाषा का नैसर्गिक सौन्दर्य नष्ट होता जा रहा है ओर दूसरी ओर इसका स्वरूप बोझिल तथा कृत्रिम होता जा रहा है।

हम हिंदी की दुहाई कितनी ही क्यों न दें, परन्तु यर्थाथ में वर्चस्व अंग्रेजी का ही बढ़ रहा है। राजभाषा का अर्थ होता है, प्रशासन और जनमानस के बीच परस्पर संवाद की भाषा। राष्ट्र को राजनितिक, भावनात्मक एवं आर्थिक दृष्टि से गरीब–अमीर, शिक्षित, अशिक्षित सभी को एक सूत्र में बांधने हेतु प्रशासन चलाने वाली भाषा अथवा भाषाओं को राजभाषा की मान्यता दी जाती है। भारत के संविधान में अंग्रेजी और देवनागरी में लिखी हिंदी दोनों को राजभाषाएं स्वीकार किया गया है। स्वतन्त्रता के बाद से देश में दोनों ही राज–भाषाएं मान्यता प्राप्त हैं। हमारे प्रशासन की नींव ही द्विभाषिक पर टिकी है और अंग्रेजी को जब संभ्राांत वर्ग का संरक्षण मिला हुआ हो तो नई प्रशासनिक हिंदी भाषा के स्वरूप में संस्कृत पद रचना का बाहुल्य तथा अंग्रेजी से अनूदित होने के कारण उसकी छाया में पल्लवित–पोषित होना तो हिंदी की स्वाभाविक नियति थी ही।

(10 अंक)

प्रश्न–3 अपने कार्याल्याध्यक्ष/विभागाध्यक्ष को केन्द्रीय सचिवाल्य हिन्दी परीषद के कार्यकलापों में भाग लेने के लिए सरकार द्वारा प्रदत सुविधाओं का वर्णन करने हुए विशेष आकस्मिक अवकाश हेतु हिन्दी में पत्र लिखिए।

(10 अंक)

प्रश्न–4 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ स्पष्ट करें:–

1. You are called upon to
2. Repugnant
3. Abrogation of agreement
4. Barred by Law
5. Eventual adjustment
6. Written down value
7. Toe the line
8. Re- classification

(8 अंक)

प्रश्न–5 निम्न मुहावरों एवं लोकोक्तियों के अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग करें:–

1. अढ़ाई घड़ी की मौत।
2. आठ वार नौ त्यौहार।
3. बट्टे खाने डालना।
4. हिसाब जौ–जौ बख्शीश सौ–सौ।
5. समरथ को नंहि दोष गोसाई।

(5 अंक)

प्रश्न–6 निम्न शब्दों/वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखे:–

1. सवीकृति
2. अरजी
3. वहां एक इसतरी कुरसी पर बैठी थी
4. सामुहीक
5. वरीष्ठ
6. उनका संस्था अच्छा काम कर रहा है
7. न्यायपिठ

(7 अंक)

प्रश्न–7 निम्न अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखे:–

(one word substitution)

1. प्रतिदिन निकलने या होने वाला
2. जो विश्वास योग्य न हो
3. जिस पर रोक लगाई गई हो
4. न हो सकने वाला
5. उपर कहा गया